महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(ACentral University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्तAccredited with 'A' Grade by NAAC

ज्ञान शांति मैत्री

आज़ादी का अमृत महोत्सव

डॉ. प्रकाश नारायण त्रिपाठी
Dr. Prakash Narayan Tripathi
सहायक क्षेत्रीय निदेशक
Assistant Regional Director

दूर शिक्षा निदेशालय
Directorate of Distance Education

फोन नं. / Mob.No. 7278114912

पत्रांक क्र. 023/2024/ज.फा./03/ 7165
दिनांक : 27/08/2024

विशेष परामर्श सत्र सूचना

एम. ए. हिंदी कार्यक्रम, सत्र 2022 के तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे **ऑनलाइन** माध्यम से विशेष परामर्श सत्र हेतु निम्नलिखित समय-सारिणी के अनुसार उपस्थित रहें-

क.सं.	परामर्शदाता का नाम	तिथि (राजकीय अवकाश छोड़कर)	समय
1.	प्रो. आनन्द पाटील, निदेशक, दू.शि.नि.	02/09/2024 से 06/09/2024 तक	समय : 04.00 PM-06:00 PM (सोमवार से शुक्रवार)
2.	डॉ. अमरेन्द्र कुमार शर्मा, पाठ्यक्रम संयोजक एवं एसोशिएट प्रोफेसर, दू.शि.नि.	09/09/2024 से 13/09/2024 तक	
3.	डॉ. प्रियंका मिश्र, एसोशिएट प्रोफेसर, दू.शि.नि.	16/09/2024 से 20/09/2024 तक	

प्रिय विद्यार्थी,

परामर्श सत्र का उद्देश्य पाठ्यसामग्री के अध्ययन उपरांत आयी कठिनाइयों को दूर करना है। परामर्श सत्र में कक्षाएँ नहीं होती है अपितु विद्यार्थी विषय से संबंधित कठिनाइयों को साझा करता है और परामर्शदाता उस कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास करता है। अतः विद्यार्थी परामर्श सत्र में शामिल होने से पूर्व पाठ्यसामग्री का भली-भाँति अध्ययन कर लें और जिन विषयों अथवा इकाइयों में उन्हें कठिनाई अनुभव हो, उसे नोट कर लें। परामर्श सत्र के दौरान इन्हें परामर्शदाता के सम्मुख रखें ताकि इन कठिनाइयों को दूर किया जा सके।

उपर्युक्त परामर्श सत्र का आयोजन गूगल मीट के माध्यम से संचालित किया जायेगा। प्रवेशित विद्यार्थियों को संबंधित व्हाट्सअप समूह पर परामर्शदाता द्वारा समय पर लिंक उपलब्ध कराया जायेगा। प्रत्येक परामर्श सत्र 02 घंटे का होगा। यदि सत्र प्रारंभ होने के 10 मिनट के भीतर कोई विद्यार्थी नहीं जुड़ता है अथवा उपस्थित नहीं होता है, तो वह सत्र समाप्त माना जायेगा।

सम्पर्क कक्षाओं में सहभागी होने के लिए किसी एकांत स्थान का चयन कीजिए। जिस डिवाइस से आप शामिल हो रहे हैं, उसे म्यूट रखें और अवसर दिए जाने पर ही अपनी बात रखें। अगर परामर्श के समय आप गतिशील हैं (एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा रहे हैं) तो कृपया अपना कैमरा बंद रखें ताकि अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न न हो। परामर्श सत्र के दौरान आप अपनी जिज्ञासा अथवा प्रश्न चैट बॉक्स के माध्यम से भी रख सकते हैं।

(सहायक क्षेत्रीय निदेशक)